''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, | अंक 127 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रूपए | वीरवार, 08 मई 2025 | samachargate@gmail.com





# हरियाणा के सभी 22 जिलों में हुई नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल

## नागरिकों को युद्ध के दौरान की स्थिति में सुरक्षा व इमरजेंसी रिस्पोन्स का दिया गया प्रशिक्षण

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास के रूप में हरियाणा के सभी 22 जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में नागरिकों को युद्ध के दौरान की स्थिति में सुरक्षा व इमरजेंसी रिस्पोन्स के बारे में जागरूक व प्रशिक्षित किया गया।

सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देशों का अनुपालन करते हुए हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन द्वारा इस मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए सभी प्रबंध पुख्ता किए गए और नागरिकों के लिए भी पहले से दिशा-निर्देश जारी कर उनसे सहयोग का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि ब्लैकआउट से पहले नागरिकों को समझाया गया कि उन्हें कुछ आवश्यक बातों का ध्यान रखना है। जैसे ब्लैकआउट से पहले अपने फ़ोन और पावर बैंक को चार्ज रखना। बुनियादी सामान व आपातकालीन सप्लाई सुनिश्चित करना। बैटरी या सौर ऊर्जा से चलने वाली फ्लैश लाइट, टॉर्च, रेडियो, ग्लो स्टिक्स साथ रखना। एक वैध पहचान पत्र और पारिवारिक आपातकालीन किट को भी तैयार



करना, जिसमें पानी, सूखा भोजन और बुनियादी दवाइयाँ हों। उन्होंने बताया कि नागरिकों को जागरूक कर उन्हें बताया गया कि आश्रय के रूप में एक सुरक्षित आंतरिक कमरे या तहखाने की पहचान करें। घर के सभी सदस्यों को प्रशिक्षित करें और बार-बार अभ्यास करें। लाइट बंद करें, 1-2 मिनट के भीतर सुरक्षित क्षेत्र में इकट्ठा हों। शाम 7:30 से 8:30 बजे तक लिफ्ट का उपयोग न करें। लिफ्ट को निष्क्रिय कर दें ताकि ब्लैकआउट के दौरान कोई असुविधा न हो।

**मॉक ड्रिल में नागरिकों का मिला भरपूर सहयोग**

प्रवक्ता ने बताया कि मॉक ड्रिल के हिस्से के रूप में सबसे पहले शाम 4 बजे हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन सक्रिय हुए और सरकारी विभागों सहित सभी हितधारकों को शामिल करते हुए महत्वपूर्ण और रणनीतिक स्थानों पर मॉक ड्रिल ऑपरेशन शुरू किया गया। इनमें मिनी सचिवालय, सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक उपक्रम और मॉल आदि जैसे महत्त्वपूर्ण स्थान शामिल हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि ड्रिल के एक हिस्से के रूप में शाम 7.50 बजे एक और हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई और नागरिकों ने सरकार का सहयोग करते हुए 10 मिनट की अवधि के लिए यानि शाम 7.50 बजे से 8.00 बजे तक पूर्ण ब्लैक आउट सुनिश्चित किया। उन्होंने बताया कि ब्लैकआउट के लिए नागरिकों ने पूरा सहयोग किया और दिशा-निर्देशों का पालन करते सभी घर के अंदर ही रहे। जो नागरिक गाड़ी चला रहे थे, उन्होंने अपनी गाड़ी को किनारे पर पार्क करके लाइट बंद कर दी। अलर्ट के दौरान सभी इनडोर और आउटडोर लाइटों को भी बंद कर दिया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि यह मॉक ड्रिल अभ्यास चिकित्सा प्रतिष्ठानों पर लागू नहीं हुआ। हालांकि, उन्होंने भी सहयोगात्मक रूप से ड्रिल के दौरान सभी खिड़कियों को मोटे पर्दों से ढक दिया।

प्रवक्ता ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना और ऐसी गंभीर/प्रतिकूल परिस्थिति के दौरान स्थिति से निपटने में प्रशिक्षित करना है।

# सिंदूर उजाड़ने वालों को भारतीय सेना ने ''आप्रेशन सिंदूर'' से करारा जवाब दिया : पंडित मोहन लाल बड़ौली

**ऑप्रेशन सिंदूर आतंकवाद के समूल नाश का संकल्प : बड़ौली**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना पर देशवासियों को भरोसा : बड़ौली**

**हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व है : बड़ौली**

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय सेना ने ''आप्रेशन सिंदूर'' चलाकर माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प आतंकवाद का समूल नाश करना है। ऑप्रिशन सिंदूर इसी संकल्प का हिस्सा है। श्री बड़ौली ने कहा कि 6-7 अप्रैल की रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान में दहशतगर्दों के नौ ठिकानों को तबाह कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए परिवारों के साथ न्याय किया है। बुधवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बड़ौली ने आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें हमारी सेना पर गर्व है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संजय आहूजा भी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सेना पर देशवासियों को पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हो रहा है। आप्रेशन सिंदूर मजबूत होते भारत की पहचान है। भारत की



सेना ने अपनी ही जमीन पर ऑप्रेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में साजिश के तहत आतंकियों ने धर्म को टारगेट कर निर्दोष लोगों की हत्या की थी। इससे देश के लोगों में आक्रोश था। 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संदेश और भरोसा दिया था कि आतंकियों और उन्हें पालने पोसने वालो को मिट्टी में मिलाया जाएगा। श्री बड़ौली ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में उन नौ ठिकानों को टारगेट किया जहां से आतंकी ट्रेनिंग लेते थे। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पहलगाम की घटना से भारत के 140 करोड़ लोगों में आक्रोश था। लोगों को पूरा भरोसा था कि मोदी सरकार आतंकियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि ऑप्रिशन सिंदूर इसी कड़ी का हिस्सा है। मोदी सरकार ने अपने वादे को पूरा किया और हमारी सेना ने 25 मिनट में ऑप्रिशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ती भारत की ताकत का पूरी दुनिया को पता चला गया है।

प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। विश्व को यह भी मालूम हो गया है कि पाकिस्तान आतंकियों को पालने पोषने और छिपाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत की सेना ने साहसिक निर्णय लिया और आतंकियों को कड़ा सबक सिखाया है।

# हम सभी को भारतीय सेना पर है गर्व : धनखड़

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने ''ऑप्रिशन सिंदूर'' पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ''ऑप्रिशन सिंदूर'' भारत सरकार व भारतीय सशस्त्र सेनाओं का एक बेहद साहसिक और निर्णायक कदम है। हम सभी को अपनी बहादुर सेना, सशक्त नेतृत्व के रूप में पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की नई सुरक्षा नीति का प्रतीक है, जिसमें आतंकी हमलों का जवाब सटीक और प्रभावशाली तरीके से दिया गया है। श्री धनखड़ ने ऑप्रिशन सिंदूर चलाए जाने पर भारत की सेना, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्रालय सभी की सराहना की और बधाई दी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि ''ऑपरेशन सिंदूर'' सिर्फ पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला नहीं है, अपितु उन सभी बलिदानों की प्रतिध्वनि है जो भारत ने वर्षों से आतंकवाद के खिलाफ दिए हैं। उन्होंने कहा कि आप्रेशन सिंदूर यह दिखाता है कि भारत अब न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारी सेना ने जो साहस और धैर्य दिखाया है, वह हर भारतीय को गर्व करने का अवसर देता है। भारत की सेना द्वारा चलाए गए ''ऑप्रिशन सिंदूर'' के जरिए दुनिया को यह



स्पष्ट संदेश गया है कि भारत अब सहनशील नहीं, बल्कि सक्षम और सजग राष्ट्र है जो शांति चाहता है, लेकिन अगर मजबूर किया गया तो करारा जवाब देने में पीछे नहीं हटता।

# रक्तवीर की कहानी, धीरूभाई की जुबानी !

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** मै धीरू भाई भगत सिंह पृथला सबसे पहले मेने 2010 मे मेने पहला रक्तदान अपने ही ताऊ को दिया था क्युकी उनका एक्सीडेंट हो गया था। उसके बाद जब भी मुझे मौका मिलता हर 3 महीने बाद रक्तदान करने लगा तब फोन छोटा था तो फोटो नहीं खिंच पाया था उसके बाद 2012 मे मेने दोस्तों से सलहा ले कर पहला रक्तदान शिविर 28 सितम्बर को लगाया उसी समय शहीद ए आजम भगत सिंह जी की मूर्ति का अनावर्ण भी क्या था तब पहले रक्तदान शिविर मे हमने 90 यूनिट ब्लड इक्कठा हुआ था तब से हर 28 सितम्बर भगत सिंह का जन्मोत्सव और 23 मार्च को पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाते बड़ा मोबाइल मिगया था फेसबुक भी चल गई थी दोस्त भी बनने लगे और न्यूज़ पेपर मे भी पृथला का नाम आने लगा था मेने अपना 26 वां रक्तदान करके उसका फोटो फेसबुक पर डालने के 2 घंटे बाद करनाल से फोन आ गया वहां की बहुत बड़ी संस्था ने शहीद उधम सिंह नेशनल अवार्ड से सम्मनित किया उसके बाद लोगो की ब्लड रिलेटेड मदत करने लगे कई व्हाटसप ग्रुप बन गए आज ग्रुप के जरिये करीब 20 हजार लोगो तक




रक्त की सेवा दें चुके है टीम के सहयोग से करीब 40 से ज्यादा रक्तदान शिविर लगा चूका हूं 7 नेशनल अवार्ड 1 भारत गौरव अवार्ड और 2 कोरोना के समय केम्प जो लगाए थे और गरीबो के लिए भंडारा जो लगाया था उसके लिए फरीदाबाद और पलवल डीसी साहब ने कोरोना वोरीयर्स अवार्ड मिला था और न्यूज़ वालो ने रक्तवीर की उपाधि देदी इस प्रकार से आज 6 मई 2025 को मेने 81वां रक्तदान किया है जिसमे करीब 35 के लगभग प्लेटलेट्स 2 डब्ल्यूबीसी बाकी ब्लड डोनेशन किया है। अगर आप इनसे मिलना चाहते हैं तो नीचे दिए गए नंबर पर बात कर सकते हैं।

## 81वां डोनेशन हुआ खास!

आज 6 मई 2025 को एमरजेंसी मे सत्यसाई हॉस्पिटल मे 2 साल के बच्चे को जिसके दिल मे छेद था उसके लिए दोस्तों के साथ 8 यूनिट ब्लड दिया और मई धीरू भाई भगत सिंह पृथला ने अपना 81वां रक्तदान किया और 81वीं फ्रूटी पीने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# ''ऑप्रेशन सिंदूर'' ने बता दिया कि मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारता है : अरविंद सैनी

समाचार गेट/ब्यूरो



**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ''ऑप्रिशन सिंदूर'' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ''आप्रेशन सिंदूर'' आतंकियों को भारत का करारा जवाब है। श्री सैनी ने कहा कि 6 और 7 मई की रात को सेना के द्वारा की गई एयर स्ट्राइक भारत की नई सुरक्षा नीति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह संकल्प के साथ करके भी दिखाते हैं। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की एयर स्ट्राइक पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि और न्याय है। श्री सैनी ने ''ऑप्रिशन सिंदूर' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि भारत के 140 करोड़ देशवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और सेना के शौर्य पर पूरा भरोसा है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने कहा कि हमारी सेना ने आतंकियों और आतंक का पालन पोषण करने वालों को पाकिस्तान में ही मुंह तोड़ जवाब दिया है। अरविंद सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के बाद देशवासियों को संदेश और भरोसा दिया था कि भारत आतंकवादियों का पालन पोषण करने वालों को माटी में मिला देगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के 9 ठिकानों को टारगेट कर ध्वस्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा था वह पूरा करके दिखाया है। अरविंद सैनी ने कहा कि भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक से 140 करोड़ देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ने पहलगाम हमले का सटीक और प्रभावशाली तरीके से जवाब दिया है। श्री सैनी ने कहा कि भारत अब न केवल अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि दुश्मनों को उनके दुस्साहस का जवाब उनके ही देश में देने के लिए भी तैयार है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी सैनी ने कहा कि हमारी सेना ने जो साहस और धैर्य दिखाया है उस पर हर भारतीय को गर्व है। उन्होंने कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन जब उसे कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं है।

# भारत ने लिया पहलगाम हमले का बदला: पंकज पूजन रामपाल

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री पंकज पूजन रामपाल ने एक बयान में कहा कि भारत ने पहलगाम में हुए निर्दोष 26 नागरिकों की निर्मम हत्या का बदला ले लिया है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में छिपे आतंकवादियों पर निर्णायक और सटीक कार्रवाई करते हुए उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया है। सेना के पराक्रम पर हर देशवासी



को गर्व है। पंकज पूजन रामपाल ने कहा, हमारी सेना के साहस और शौर्य के पीछे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की स्पष्ट नीति और दृढ़ संकल्प है। देश अब चुप नहीं बैठता, देश जवाब देता है। सेना के पराक्रम पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई न केवल शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है, बल्कि भारत की सुरक्षा नीति में आए मजबूत बदलाव का प्रतीक भी है।

Keshav Shandilya
Lalit Mohan Sharma
M: 9873110952
M: 8860053447
SHREE JI PHARMACY
FREE HOME DELIVERY
9991666593
दवाईयाँ
हमारे यहाँ सभी प्रकार की अंग्रेजी, आयुर्वेदिक दवाईयाँ, कॉस्मेटिक एवं सर्जिकल प्रोडक्टस उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
20% तक की छूट
Saini Market, Sec. 63, Near Bikaner Misthan Bhandar
62-65 Chowk Ballabgarh Fbd. 121004

GSTIN:
M.: 9717056208
SHRI SHYAM BARTAN BHANDAR
Authorised Dealer :- HAWKINS, FUTURA, UNITED, PRESTIGE, VINOD COOKWARE
Deals in : Stainless Steel, Brass, Copper, Aluminum & Non Stick Utensil
All Electric Appliances (Mixer Juicer, Grinder, Blender, Iron Etc.)
SHOP NO. 20, SECTOR-63, 62-65 CHOWK, BALLABGARH-121004 (FBD)

# संपादकीय

## पहले जैसा नहीं है भारत, बदला लेना भी जानता है!

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं।


नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी। बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पलेबढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही। और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया, लेकिन अब भारत पहले जैसा नहीं रहा और वह जवाब देना भी जानता है।

## होडल का युवा पाकिस्तानी हमले में शहीद

समाचार गेट/ब्यूरो

होडल। बीती रात पाकिस्तानी हमले में होडल उपमंडल के गुलावत पंचायत के मोहम्मदपुर गांव का एक युवक शहीद हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र दयाचंद शर्मा (32साल) बारामूला में सेना में लांस नायक पद पर तैनात था। बीती रात पाकिस्तान सेना द्वारा बारामूला में किए गए हमले के दौरान दिनेश कुमार पाकिस्तानी सैनिकों की गोली लगने से शहीद हो गए।


## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

## समाचार गेट

को TITLE CODE : HARHIN11569

### आवश्यकता है

- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503


# अधिकारी एवं कर्मचारियों के अभाव में कनीना का ब्लाक एग्रीकल्चर ऑफिस रामभरोसे

## दो साल से बीएओ डेपुटेशन पर सात साल से नहीं हैं आठ एडीओ

### एचकेआरएन के कर्मचारी समझ रहे व्यवस्था

### किसानों को केंद्र एवं प्रदेश की किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में आ रही दिक्कत



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास में बने नव निर्मित भवन में संचालित कृषि विभाग का कार्यालय बिना अधिकारी कर्मचारियों के रामभरोसे चल रहा है। जिससे सबसे बडा नुकसान केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में क्रियान्वित की गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समय पर नहीं मिल पा रही है वहीं फसल कटिंग व बुकिंग का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों को फसल खराबा के संदर्भ में रिपोर्ट देने तथा पीएम किसान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए धक्के खाने पड रहे हैं। मिट्टी-पानी की जांच लैब कनीना में नहीं होने से किसानों को महेंद्रगढ के चक्कर लगाने पड रहे हैं। कहने को तो यहां पर ब्लाक एग्रीकल्चर ऑफिसर संदीप कुमार नियुक्त हैं लेकिन निदेशक कृषि एवं कल्याण विभाग पंचकूला की ओर से पिछले दो साल से भूमि संरक्षण कार्यालय पटौदी में बतौर एडीओ के पद पर डेपुटेशन पर भेज दिया गया है। दूसरी ओर कृषि विभाग का कार्यालय नए भवन में स्थानांतरित हुए सालभर हो गया है लेकिन भवन पर आज तक कार्यालय सम्बंधी कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिससे अधिकांश किसान कृषि कार्यालय पंहुचने से पहले ही वापिस लौट जाते हैं।

इस बारे में विषय विशेषज्ञ डॉ योगेश यादव ने बताया कि कनीना के कृषि कार्यालय में ब्लाक एग्रीकल्चर ऑफिसर की पोस्ट पिछले दो साल से रिक्त पडी है वहीं एडीओ के आठ पद स्वीकृत हैं जिनमें पिछले सात साल से एक एडीओ से काम चलाया जा रहा था उसका भी एक वर्ष पूर्व स्थानांतरण कर दिया गया। एडीओ के सभी 8 पद खाली होने के बाद फिल्ड व कार्यालय के सभी कार्य ठप हो गए। कृषि कार्यालय में 5 चतुर्थश्रेणी कर्मचारी के पद स्वीकृत हैं जिनमें से 2 पद खाली पडे हैं। उन्होंने बताया कि केंद सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए लॉंच की गई आत्मा स्कीम के तहत सहायक तकनीकी प्रबंधक के तीन पद स्वीकृत हैं जिनमें एक कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर जिला कृषि कार्यालय नारनौल में कार्यरत है। इसी प्रकार कृषि पर्यवेक्षक के रूप में 9 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 3 पद रिक्त हैं। इनका कार्य गांव-गांव खेतों में मौके पर जाकर फसल कटाई व फसल पैदावार का आंकलन की रिपोर्ट तैयार कर कृषि उपनिदेशक कार्यालय में भेजने का है।

दिलचस्प बात है कि कृषि कार्यालय में कार्यरत उपरोक्त अधिकांश 5-6 कर्मचारी कांटेक्ट बेस, एचकेआरएन के तहत लगे हुए हैं। इन कर्मचारियों के भरोसे ही कनीना में ब्लाक स्तर का कृषि कार्यालय संचालित हो रहा है। जिस पर किसानों सत्यवीर सिंह रामबास, वेदप्रकाश ढाणा, प्रेमसिंह मोहनपुर, नरेंद्र कुमार छितरोली, प्रताप सिंह उन्हाणी ने प्रदेश सरकार से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कार्यालय कनीना में सभी पदों पर नियुक्ति करने की मांग की है। इस बारे में कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय यादव ने बताया कि एचकेआरएन के कर्मचारियों के माध्यम से किसानों को सुविधाएं देने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा उच्च अधिकारियों को बीएओ, एडीओ सहित अन्य पदों को भरने के लिए कई बार पत्र लिखा गया है।

# आपरेशन अभ्यास के तहत लघु सचिवालय नूंह में मॉक ड्रिल का आयोजन

### इमरजेंसी सायरन बजने के साथ ही शुरू हुए बचाव व राहत कार्य

### पीठ व स्ट्रेचर पर प्राथमिक उपचार कक्ष तक लाए गए लोग

### सीपीआर अधिकारी द्वारा दी गई चिकित्सा सहायता

### उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा व अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने रखी हर गतिविधि पर रखी पैनी नजर



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। आपरेशन अभ्यास के तहत बुधवार को सायं 4 बजे जिला नूंह स्थित लघु सचिवालय व सभी उपमंडलों में एसडीएम कार्यालयों में इमरजेंसी खतरे के मद्देनजर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इन स्थानों पर जैसे ही इमरजेंसी सायरन की आवाज आई, वैसे ही राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिए गए। कार्यालयों में मौजूद कर्मचारी व अधिकारी सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए। जिला प्रशासन ने कार्यालयों में मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों की उपस्थिति का डाटा जुटाया गया और जो व्यक्ति भवन के अंदर खतरे में फंसे हुए थे, उन्हें रेसक्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, जिसमें घायलों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के नेतृत्व में जिला में योजनाबद्ध तरीके से नागरिक सुरक्षा का अभ्यास किया गया, जिसमें आपदा की स्थिति में हुई जान-माल की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उपायुक्त व अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक खतरे का पता चलते ही घटनास्थल पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्यों संबंधी प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी तथा साथ ही संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित भी किया। सायरन बजने के बाद डायल-112 पर पुलिस, फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस को सूचना दी गई। सभी विभाग व बचाव दल मौके पर पहुंचे। स्वयं सेवकों द्वारा घायलों को पीठ पर बैठाकर नीचे लाया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार कक्ष स्थापित किया गया था, जहां घायलों को प्रशिक्षित सीपीआर ऑफिसर द्वारा प्रथम चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। प्रत्येक जरूरतमंद लोगों को सीपीआर दिया गया। जो लोग गंभीर अवस्था में थे, उन्हें तुरंत प्रभाव से अस्पताल पहुंचाया गया। फंसे हुए लोगों को प्राथमिक चिकित्सा कक्ष तक लाने के लिए स्ट्रेचर, व्हीलचेयर व पीठ का प्रयोग किया गया। इस दौरान लघु सचिवालय परिसर के आसपास संतोषजनक संख्या में एम्बुलेंस भी पहुंच गई थी। मॉक ड्रिल के दौरान परिवहन की बसों, स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस व अग्निशमन वाहनों को लघु सचिवालय से सिविल अस्पताल व पीजीआई भेजने का अभ्यास किया गया। एसडीएम अश्वनी कुमार ने मीडिया ब्रिफिंग में पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। लघु सचिवालय में मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया।

**उपायुक्त ने बैठक में जिला आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला आपदा प्रबंधन के तहत संबंधित विभागों के साथ आपदा की स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन योजना के तहत प्रत्येक डाटा को अपडेट रखा जाए। सभी महत्वपूर्ण संपर्क नंबर की सूची उपलब्ध रहनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आज मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया जाएगा कि आपातकालीन स्थिति में क्या करें और क्या न करें। इस दौरान क्या-क्या सावधानियां बरती जाएं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट तुरंत पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को दें। राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जिला और राज्य, दोनों स्तरों पर घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य प्रतिक्रिया तंत्र को सुव्यवस्थित करना, आपातकालीन स्थितियों के दौरान भ्रम को कम करना और तदर्थ उपायों पर निर्भरता को कम करना है। इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना तथा विकट स्थिति के दौरान बड़े पैमाने पर दहशत की संभावना को कम करना है।

उन्होंने बताया कि जिला नूंह में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भी आज सायं 7.50 से 8 बजे तक सभी लोगों को ब्लैक आउट करने की मॉक ड्रिल करनी है। इस दौरान सभी लोग अपने घरों में लाइट व अन्य रोशनी को बंद रखेंगे और इंडोर व आउटडोर की लाइट जिसमें इन्वर्टर से भी बिजली आपूर्ति चालू न रखी जाए। फोन या एलईडी डिवाइस का इस्तेमाल करने से बचें। जो व्यक्ति गाड़ी से कहीं जा रहे हैं, वे गाड़ी को सड़क किनारे लगा लें और लाइटें बंद कर दें।

इसी प्रकार कोई भी गलत सूचना न तो स्वयं फैलाएं और न ही भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास करें। सूचना को वैरिफाई अवश्यक करें। अभी फिलहाल मॉक ड्रिल का अभ्यास है, इसलिए कोई भी व्यक्ति डरें नहीं और न ही पैनिक स्थिति पैदा करें। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप ड्क्षसह मलिक, जीएम रोडवेज एकता चोपड़ा, एसडीएम अश्वनी कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से तावडू के एसडीएम संजीव कुमार, पुन्हाना एसडीएम कंवर आदित्य विक्रम, एसडीएम फिरोजपुर झिरका लक्ष्मी नारायण भी जुड़े।

# तहसील कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार ने किया समस्याओं का निराकरण

## नायब तहसीलदार दलबीर सिंह ने कार्यालय कर्मचारियों को जन समस्याएं निपटाने के दिए निर्देश



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। तहसील कार्यालय कनीना में आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल की ओर से बुधवार को दर्जनभर समस्याओं का निपटान किया। उनके पास जमीन के इंतकाल, फर्द, पैमाईश आदि से सम्बंधित शिकायतें आई जिनका तत्परता से समाधान किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय कर्मचारियों तथा फिल्ड स्टाफ से सम्बंधित कार्य के लिए आने वाले विभिन्न गावों के नागरिकों के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी आमजन के जायज कार्य को लटकाता है या अतिरिक्त राशि की मांग करता है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कटिबद्ध है। कार्यालय में आने वाले नागरिक जमीन की नकल, पैमाईश के कागजात, इंतकाल आदि के लिए सरकार द्वारा निर्धारित फीस ही अदा करें। कोई भी कर्मचारी इसके अलावा राशि की मांग करता है तो इसकी शिकायत उनसे या उच्च अधिकारियों को कर सकते हैं। कोई भी कर्मचारी घूस लेता पाया गया तो उसके खिलाफ विधिसंवत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय में जमीन, मकान, दुकान का पंजीकरण, वसीयतनामा, इंतकाल, जमीन की नकल, विवाह पंजीकरण, रिहायशी, जाति, आय, मूल निवास प्रमाण-पत्र आदि कार्य किए जाते हैं। इस कार्य के लिए कार्यालय में बिचैलिए एवं दलालों की कोई जगह नहीं है। उन्होंने आमजन से कहा कि कोई भी व्यक्ति गलत तरीके से कार्य करवाने एवं दबाव डालने का प्रयास न करें। नाजायज दबाव बनाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। आमजन गलत कार्य करवाने तथा फिजूल का दबाव बनाने की चेष्टा न करें।

## आरटीए के 5 कर्मचारियों पर गिरी गाज

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना में दादरी मोड उन्हाणी के समीप बीते वर्ष 11 अप्रैल 2024 को घटित हुए स्कूल बस सडक हादसे की जांच रिपोर्ट मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने परिवहन अधिकारी कार्यालय नारनौल में कार्यरत पांच कर्मचारियों के विरूध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इन कर्मचारियों में एक कर्मचारी सेवानिवृत हो चुका है वहीं अन्य का स्थानांतरण हो चुका है। माना जा रहा है कि बस हादसे में कुल 7 विद्यार्थी मारे गए थे ओर 11 घायल हुए थे। ड्यूटी में कोताही बरतने के आरोप में हरियाणा सिविल सेवा नियम सात के तहत अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूध कार्रवाई की गई है। हरियाणा विधान सभा में यह नुक्ता उठने पर सीएम ने जांच का आश्वासन दिया था। बस हादसे के समय आरटीए कार्यालय नारनौल में बतौर जिला परिवहन अधिकारी राजकुमार एचपीएस, सहायक सचिव मनोज कुमार, मोटर व्हीकल अधिकारी प्रदीप कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार व परिवहन उप निरीक्षक नवीन कुमार के खिलाफ ये कार्रवाई की गई है। इस बारे में असिस्टेंट आरटीए नारनौल भारतभूषण ने बताया कि राजकुमार सेवनिवृत हो चुके हैं जबकि अन्य कर्मचारी स्थानांतरित हो चुके हैं।

## छह किलोमीटर मैराथन का आयोजन कल

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना-नारनौल मार्ग स्थित गांव कोका में 9 मई को सुबह 6 बजे मैराथन का आयोजन किया जायगा। इसके मुख्यातिथि पंचायत समिति कनीना के चेयरमैन जेपी यादव होगें। कोका से बचीनी तक 6 किलोमीटर की मैराथन में 17 साल से 30 साल तक के युवा हिस्सा ले सकते हैं। युवाओं के पंजीकरण किये जा रहे हैं। प्रथम स्थान पर रहने वाले धवक को 11 हजार, द्वितीय को 5100 रुपए तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले को 3100 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## कर्मचारी को बंधक बनाकर नकदी छीनी

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। एलआईसी में काम करने वाले व्यक्ति को बंधक बनाकर हजारों रूपये छीनने की घटना को लेकर कनीना थाना पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में पीडित प्रवीन कुमार निवासी अटेली ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एलआईसी में काम करता है। उसके पास बेवल निवासी सियाराम का फोन आया जिसमें अपने दोस्त दिनेश की एलआईसी करवाने के बारे कहा गया। सियाराम के बताए अनुसार जब वह बेवल पंहुचा तो आरोपी उसे एक गलि में बने पुराने घर में ले गया जहां उन्होंने उसका बैग छीन लिया। इस दौरान उसके साथ युद्धवीर भी था। उन्होंने बंधक बनाकर उसके जानकारों से 60 हजार रूपये मंगवाकर ले लिए। डरा-धमका कर तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखने तथा 131700 की यूपीआई पेमेंट करवाने के आरोप लगाए। उन्होंने धमकी देकर विडियो बनाई ओर कागजों पर हस्ताक्षर भी करवाए। इस बारे में थाना इंचार्ज सज्जन कुमार वशिष्ठ ने बताया कि प्रवीन कुमार की शिकायत मिलने पर दो आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

# एसडीएम कार्यालय कनीना में सांय 4 बजे हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन

## अधिकारी-कर्मचारी व आमजन रहे शामिल



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। सरकार के दिशा निर्देशन में बुधवार सांय 4 बजे कनीना के एसडीएम कार्यालय में युद्ध के हालातों को लेकर मौक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत, डीएसपी दिनेश कुमार, सिटी थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह व सदर थाना इंचार्ज सज्जन कुमार वशिष्ठ, नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल सहित कार्यालय कर्मचारी व आमजन शामिल थे। एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि युद्ध के समय आमजन को घबराना नही चाहिए और अतिआवश्यक वस्तुओं को साथ रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि रात के समय ब्लेक आउट रखें, अपने साथ वैध आईडी कार्ड, परिवार की आपातकालीन किट तैयार रखें। पानी, सूखा भोजन, बुनियादी दवाइयाँ रखें, आधिकारिक जानकारी के लिए अपडेट के लिए रेडियो, टीवी देखते रहें। आश्रय के रूप में सुरक्षित आंतरिक कमरे या तहखाने की पहचान करें। आपातकालीन नंबर नोट नोट करें। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान घर के अंदर रहें और खिड़कियों से दूर रहें। अगर आप गाड़ी चला रहे हैं, तो अपने वाहन को किनारे पर पार्क करें और लाइटें बंद कर दें और वहीं रहें। अलर्ट के दौरान सभी इनडोर और आउटडोर लाइटें बंद कर दें, जिसमें इन्वर्टर या वैकल्पिक बिजली आपूर्ति को डिस्कनेक्ट करना शामिल है। खिड़कियों के पास फोन या एलईडी डिवाइस का इस्तेमाल न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशिगन में फलस्तीन समर्थक सात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आरोप वापस लिए गए

**मिशिगन, एजेंसी।** अमेरिका के सरकारी वकीलों ने मिशिगन में फलस्तीन समर्थक सात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आरोप वापस लेने का फैसला लिया है। इन पर एक वर्ष पहले मिशिगन विश्वविद्यालय में फलस्तीनी समर्थक शिविर में तोड़फोड़, पुलिस के विरोध और अतिक्रमण करने जैसे आरोप लगे थे। अटॉर्नी जनरल डाना नेसेल ने कहा कि उनका मानना है कि मामले मजबूत हैं, लेकिन वे आलोचना और अन्य कारणों से थक चुके हैं। उन्होंने कहा कि वाश्टेनॉ काउंटी के एक न्यायाधीश ने कई तारीखों पर सुनवाई के बावजूद अभी तक यह तय नहीं किया है कि मामलों को ट्रायल कोर्ट में भेजा जाए या नहीं। डेमोक्रेट समर्थक माने जाने वाले नेसेल ने कहा, पूर्वाग्रह, निराधार और बेतुके आरोपों के कारण माहौल बिगड़ रहा है। ध्यान भटकाने वाली बातों और लगातार हो रही देरी ने एक सर्कस जैसा माहौल बना दिया है। इस कारण वे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ आरोप वापस लेने पर सहमत हैं। बचाव पक्ष के वकील आमिर मैकलेड ने कहा कि नेसेल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपराध में बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

### सिंगापुर की नई संसद में विपक्ष के नेता रहेंगे प्रीतम सिंह : वोंग

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने पुष्टि की है कि वर्कर्स पार्टी के महासचिव प्रीतम सिंह 3 मई के आम चुनाव के बाद नई संसद में विपक्ष के नेता बने रहेंगे। सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में वोंग ने कहा, सिंह के पास अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए स्टाफ और संसाधन भी होंगे।

### हथकड़ी लगे होने के बावजूद फरार हुआ आरोपी

**सिएटल, एजेंसी।** अमेरिका के सिएटल टाकोमा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया। इतना ही नहीं आरोपी फिल्मी स्टाइल में एक ट्रेन में सवार होकर एक अन्य स्टेशन पर उतरकर फरार हो गया। यह सब तब हुआ, जब आरोपी के हाथों में हथकड़ी लगी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी केंटुकी में एक मामले में वांछित है। पुलिस ने एयरपोर्ट पर उसे हिरासत में लिया था, लेकिन वह पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### रक्षा मंत्री के आदेश से सदमें में अमेरिकी सेना ! शीर्ष नेतृत्व पर गिरी बड़ी गाज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विभागों में कर्मचारियों की कटौती के ट्रंप प्रशासन के कदम को आगे बढ़ाते हुए वहां के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना को अपने शीर्ष नेतृत्व के पदों में 20 फीसदी कटौती का सोमवार को निर्देश दिया। इसे लेकर जहां ट्रंप प्रशासन का मानना है कि इससे कार्यकुशलता बढ़ेगी, दूसरी ओर आलोचकों को चिंता है कि इससे सेना का राजनीतिकरण हो सकता है। हेगसेथ ने 'नेशनल गार्ड को भी अपने शीर्ष नेतृत्व के पदों में 20 फीसदी की कटौती का निर्देश दिया और सेना को अपने बल में 'जनरल और 'फ्लैग अधिकारी के पदों में अतिरिक्त 10 फीसदी की कटौती करने का कहा है जिसमें एक-स्टार या उससे ऊपर के या नौसेना के समकक्ष अधिकारी शामिल हो सकते हैं। यह कटौती, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप या हेगसेथ द्वारा जनवरी से अब तक बर्खास्त किए गए 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के प्रमुख जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर समेत छह से अधिक शीर्ष जनरल अधिकारियों के अतिरिक्त है। उन्होंने चार-स्टार अधिकारी के तौर पर सेवा देने वाली दो महिलाओं को भी सेना निकाल दिया था। उस समय हेगसेथ ने कहा था कि यह कटौती ''राष्ट्रपति की इस इच्छा को दिखाता है कि उनके आस-पास काबिल लोग हों जो राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर हमारे दृष्टिकोण को अपनाना चाहते हैं। सोमवार को कटौती की घोषणा करते हुए एक नोटिस में हेगसेथ ने कहा कि वे ''नेतृत्व को सुव्यवस्थित बनाने के लिए अनावश्यक पदों को खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सेना को ''अनावश्यक नौकरशाही के स्तरों से मुक्त करना है। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा के सदस्य सेठ मौलटन ने कहा कि वह हेगसेथ के इस फैसले को सेना का राजनीतिकरण करने के प्रयास के रूप में देखते हैं।

## जहां कैदी खो देते थे मानसिक संतुलन....फिर खुलेगी दुनिया की सबसे खतरनाक जेल अल्काट्राज़

**सैन फ्रांसिस्को , एजेंसी।** रहस्य-रोमांच और कैदियों पर अत्याचार की कई कहानियों के लिए बदनाम दुनिया की सबसे खतरनाक अल्काट्राज़ जेल 62 साल बाद फिर से खुलने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को जेल ब्यूरो के साथ न्याय विभाग, एफबीआई और होमलैंड सिक्योरिटी को जेल को फिर से खोलने का निर्देश दिया। उन्होंने ट्रुथ सोशल साइट पर लिखा, अमेरिका लंबे समय से क्रूर, हिंसक और बार-बार अपराध करने वाले अपराधियों से त्रस्त है। इसलिए मैं अल्काट्राज जेल खोलने का निर्देश दे रहा हूं। इसका पुनः खुलना कानून, व्यवस्था और न्याय का प्रतीक होगा।

अल्काट्राज़ अधिकतम सुरक्षा जेलों के बारे में प्रयुक्त मुहावरे, एक पक्षी भी पर नहीं मार सकता से कहीं अधिक था। चूंकि यह अमेरिकी राज्य सैन फ्रांसिस्को में अथाह समुद्र के बीच एक द्वीप पर बनाया गया था, इसलिए कैदी भागने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। अमेरिका के सर्वाधिक वांछित अपराधियों को यहीं रखा गया था। प्रत्येक कोठरी 9*5 फीट की थी। सुविधाओं के नाम पर वहां कुछ भी नहीं था। जेल की स्थिति ऐसी थी कि कैदियों ने इसका नाम हेलकाट्राज (नरक जैसी जेल) रख दिया था। जो एक बार जेल में प्रवेश कर गया, वह बाहर नहीं निकल सका।

जेल की कठोर परिस्थितियों से परेशान होकर कैदी या तो अपना मानसिक संतुलन खो बैठे या आत्महत्या कर ली। अलकाट्राज़ जेल का निर्माण 1934 में किया गया था और इसे 1963 में बंद कर दिया गया था। इसे बंद करने का कारण इसमें लगने वाली लागत थी। अमेरिकी सरकार ने कहा कि अल्काट्राज़ में प्रति कैदी की लागत सामान्य जेलों की तुलना में तीन गुना अधिक है। बंद होने के बाद, अल्काट्राज़ जेल को पर्यटक आकर्षण में बदल दिया गया। हर साल लगभग 1.4 मिलियन पर्यटक इसकी ऐतिहासिक इमारतों, उद्यानों और प्रकाशस्तंभों को देखने आते हैं।

कैदियों ने अल्काट्राज जेल से भागने की 31 बार असफल कोशिश की। लेकिन 12 जून 1962 को तीन कैदी, फ्रैंक मॉरिस, जॉन एंगलिन और क्लेरेन्स एंगलिन भाग निकले। जेल प्रशासन ने तब कहा था कि किसी इंसान के लिए इतनी दूर तैरकर किनारे तक पहुंचना असंभव है। संभवतः तीनों कैदी डूब गए होंगे। तीनों कहीं नजर नहीं आए और न ही उनके शव मिले। लंबी जांच के बाद प्रशासन ने 1979 में उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेकिन एक गुमनाम पत्र में उनके जीवित होने का दावा किए जाने के बाद फिर से खोज शुरू हुई, जो अब भी जारी है। अल्काट्राज़ जेल पर हॉलीवुड में कई फिल्में बनाई गई हैं। जेल बंद होने से पहले बर्डमैन ऑफ अल्काट्राज़ (1962) आई थी। इसी वर्ष जेल से तीन कैदियों के भागने की घटना से मची सनसनी को देखते हुए फिल्म निर्माताओं ने नया विषय उठाया। एस्केप फ्रॉम अल्काट्राज़, पॉइंट ब्लैंक, द रॉक और मर्डर इन द फर्स्ट इसी विषय पर आधारित थीं। हैरी पॉटर फिल्मों की श्रृंखला का अजकाबान जेल काफी हद तक अल्काट्राज से प्रेरित था। ब्रिटिश काल के दौरान, अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों को कैद करने के लिए भारत के अंडमान निकोबार के पोर्ट ब्लेयर में एक सेलुलर जेल का निर्माण किया था। कठिन परिस्थितियों के कारण इस जेल को काला पानी कहा जाता था। जेल की 694 कोठरियाँ इस प्रकार बनाई गई थीं कि कैदियों को आपस में मिलने-जुलने की अनुमति नहीं थी। इसकी दीवारों पर आज भी वीर शहीदों के नाम लिखे हुए हैं। यहां संग्रहालय में वे हथियार भी रखे गए हैं जिनसे स्वतंत्रता सेनानियों को यातनाएं दी जाती थीं।

# यमन में हूती विद्रोहियों के बंदरगाह पर इजराइली एयरस्ट्राइक

**सना, एजेंसी।** इजराइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर हुदैदाह पर सोमवार रात भीषण बमबारी की। सेना के मुताबिक हमले में 20 इजरायली वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। इसके लिए विमानों ने 2000 किमी की दूरी तय की। हमले में हुदैदाह पोर्ट और बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री को निशाना बनाया गया। इजराइल डिफेंस फोर्स के मुताबिक फाइटर जेट्स ने कम से कम 50 टार्गेट्स पर बम गिराए। इजराइल का यह हमला एक दिन पहले हूती विद्रोहियों के तेल अवीव में बेन गुरियन एयरपोर्ट हमले के जवाब में किया गया। मिसाइल हमले में कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद इजराइल ने इसका बदला लेने का ऐलान किया था।



हूती विद्रोही बोले- इजराइल को जवाब देंगे हूती विद्रोहियों का कहना है कि इजराइली हमले में कम से कम 21 लोग घायल हो गए हैं। हूती विद्रोहियों के मीडिया विभाग के चीफ नसरुद्दीन आमेर ने कहा कि वे इस हमले का जवाब देंगे। इजराइली हमले उन्हें नहीं रोक पाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह हमला इजराइल और अमेरिका दोनों ने मिलकर किया था। हालांकि, एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि वाशिंगटन ने इन हमलों में भाग नहीं लिया।

इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला हूती शासन की अर्थव्यवस्था और उसके सैन्य निर्माण के लिए एक झटका है। बाजिल कंक्रीट फैक्ट्री उनके लिए एक अहम आर्थिक संसाधन के रूप में काम करती है और इसका उपयोग सुरंगों और सैन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किया जाता है।

सेना ने कहा कि हुदैदाह बंदरगाह का इस्तेमाल हूती आतंकी ईरानी हथियारों, सैन्य जरूरतों के लिए उपकरणों और दूसरे आतंकी मकसद के लिए करते थे।

इजराइल का हूती विद्रोहियों पर इस साल का पहला हमला गाजा में जंग शुरू होने के बाद यमन में इजराइल का यह छठा और इस साल का पहला हमला था। इजराइल ने कहा है कि यमन पर हमला हूतियों के इजराइल के खिलाफ बार-बार किए गए हमलों के जवाब में किया गया है। मार्च में हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़ा अमेरिकी अभियान शुरू होने के बाद से हूथ्स ने यमन पर हमला करना रोक दिया था। इजराइल ने यमन के अलावा सोमवार रात सीरिया, लेबनान और गाजा पर भी हमले किए। साउथ लेबनान और बेका घाटी में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर कई हवाई हमले किए। इसके अलावा उन्होंने लेबनान की सीमा से सटे सीरिया पर भी कई हमले किए। अभी तक इन दोनों इलाके में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इजराइली सेना ने गाजा पर भी हमला किया। इसमें 54 लोगों की मौत हो गई है। इस बीच इजराइल गाजा में सैन्य अभियान को और तेज करने का ऐलान किया है। इजराइल की वॉर कैबिनेट ने सोमवार को इस फैसले पर मंजूरी दी। इसमें गाजा पर पूरी तरह से 'कब्जा' करने और पूरे इलाके पर कंट्रोल करने का प्लान शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि इसे अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की यात्रा के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। इजराइल तब तक हमास के साथ सीजफायर और बंधक समझौते पर पहुंचने की कोशिश जारी रखेगा। इजराइली सेना के चीफ इयाल जमीन ने गाजा में अभियान तेज करने को लेकर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यह अभियान गाजा में बंधकों की जान को खतरे में डाल सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि नए प्लान से हमास के खिलाफ ज्यादा मजबूत हमले करने और वहां रह गए बंधकों को लाने में मदद मिलेगी। इससे एक दिन पहले सेना इयाल जमीर ने कहा था कि वे अपने रिजर्व सैनिकों को इसके लिए बुला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजराइली सेना गाजा में जमीन और जमीन के भीतर बने हमास के सभी बुनियादी ढांचे को बर्बाद कर देगी।

## न्यूयॉर्क टाइम्स ने 4, न्यू यॉर्कर ने जीते तीन खिताब



**न्यूयार्क, एजेंसी।** वर्ष 2024 में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम के लिए 'न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने चार और 'न्यू यॉर्कर पत्रिका ने पुलित्जर पुरस्कार 2025 के तीन खिताब जीते। फेंटेनाइल संकट, अमेरिकी सेना और पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास जैसे मामलों की कवरेज के लिए इन्हें सराहा गया। जन सेवा श्रेणी में पुलित्जर का प्रतिष्ठित पदक लगातार दूसरे वर्ष 'प्रोपब्लिका को मिला। कविता सुराना, लिजी प्रेसर, कैसंड्रा जारामिलो और स्टेसी क्रैनिट्ज को उन गर्भवती महिलाओं पर रिपोर्टिंग के लिए सम्मानित किया गया, जिनकी मौत सख्त गर्भपात कानूनों वाले प्रांतों में उपचार मिलने में देरी के कारण हुई थी।

'वाशिंगटन पोस्ट ने ट्रंप की हत्या के प्रयास के मामले की ''सबसे तेज और तथ्यपरक कवरेज के लिए पुरस्कार जीता। जनवरी में 'वाशिंगटन पोस्ट को छोड़ देने वाली एन टेलनेस को भी सम्मानित किया गया। अखबार ने ट्रंप के साथ घनिष्ठता रखने वाले कुछ उद्योगपतियों के मजाकिया संपादकीय कार्टून को प्रकाशित करने से इनकार कर दिया था। टेलनेस ने अपने बनाए कार्टून नहीं छापने पर संस्थान को छोड़ दिया था। पुलित्जर्स ने उनकी ''निडरता की प्रशंसा की। 'पुलित्जर ने 2024 में पत्रकारिता के क्षेत्र में 15 श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया। साथ ही पुस्तकों, संगीत और रंगमंच सहित आठ कला श्रेणियों में भी पुरस्कार दिए। जन सेवा श्रेणी में विजेता को स्वर्ण पदक मिला जबकि अन्य सभी विजेताओं को 15,000 अमेरिकी डॉलर दिए गए।

## पोप वाली तस्वीर के बाद ट्रंप की नई एआई फोटो आई सामने, राष्ट्रपति को मस्कुलर जेडी के रूप में किया गया चित्रित

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एआई के द्वारा बनाई गई तस्वीर ने एक बार फिर से नई चर्चा को जन्म दे दिया है। दरअसल, 4 मई को व्हाइट हाउस ने ÷स्टार वार्स डे÷ पर ट्रंप की एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वे लाल लाइटसैबर पकड़े हुए, जेडी की पोशाक पहने हुए, और गंजे ईगल और अमेरिकी झंडों से घिरे हुए हैं।



ये तस्वीर सामने आने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बन गई। ट्रंप की इस तस्वीर के सामने आने के बाद लोगों ने इसको जमकर शेयर किया है। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने पोप के पोशाक में एक तस्वीर को साझा किया था, जिसने जमकर सुर्खियां बटोरीं।

व्हाइट हाउस ने एक्स पर लिखा, ÷सभी को 4 मई की शुभकामनाएं, जिसमें कट्टरपंथी वामपंथी पागल भी शामिल हैं जो सिथ लॉर्ड्स, मर्डरर्स, ड्रग लॉर्ड्स, खतरनाक कैदियों और जाने-माने म्स-13 गैंग के सदस्यों को हमारी आकाशगंगा में वापस लाने के लिए इतनी कड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। आप विद्रोही नहीं हैं - आप साम्राज्य हैं। 4 मई आपके साथ हो। माना जा रहा है कि पोस्ट का उद्देश्य ट्रंप को एक देशभक्त जेडी के रूप में प्रस्तुत करना था। हालांकि, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इसको लेकर तुरंत विरोधाभास की ओर ध्यान दिलाया कि वह एक लाल लाइटसेबर पकड़े हुए थे, जिसे पारंपरिक रूप से जेडी नहीं बल्कि सिथ लॉर्ड्स द्वारा इस्तेमाल किया जाता है।

## हमास के हमलों की जांच कराने से इस्राइली कैबिनेट का इनकार, विपक्षी नेताओं ने नेतन्याहू सरकार को घेरा

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल पर सात अक्तूबर 2023 को हुए हमास के हमलों की जांच की मांग को इस्राइली कैबिनेट ने खारिज कर दिया है। कैबिनेट ने हमलों की जांच के लिए राज्य आयोग गठित न करने की बात कही है। इसे लेकर विपक्षी नेताओं ने नेतन्याहू सरकार को घेरा है।

विपक्षी नेता और पूर्व पीएम यायर लैपिड ने कहा कि जांच आयोग गठित न करने का सीधा अर्थ यह है कि सात अक्तूबर जैसी घटना बार-बार होगी। अगर जांच नहीं की जाती है तो यह कभी पता नहीं लग पाएगा कि हमास के हमलों के पीछे का कारण क्या था हम इससे सबक नहीं ले पाएंगे और ऐसा दोबारा न हो इसके लिए कोई उपाय भी नहीं कर सकेंगे। नेतन्याहू ने मेरोन आपदा और पनडुब्बी मामले में राज्य जांच समिति की स्थापना को भी रोकने की कोशिश की। इस बार भी राज्य जांच समिति स्थापित की जाएगी।



वहीं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जांच की मांग का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीतिक रूप से पक्षपाती जांच का विरोध करते हैं। आलोचकों ने नेतन्याहू पर जांच में देरी करने और इसके अधिकार क्षेत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया है। विपक्षी सांसद बेनी गैंट्ज़ ने कहा कि जनता मूर्ख नहीं है। राज्य जांच आयोग गठित न किए जाने का एकमात्र कारण जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। यदि आप ऐसा नहीं करने जा रहे हैं, तो कम से कम हमें शर्मनाक बहाने से तो बचिए। हालांकि सेना और इस्राइल ने हमास के हमलों को लेकर जांच पूरी कर ली है। इसकी रिपोर्ट में खुफिया जानकारी की कमी और कमान के मुद्दों को हमले का जिम्मेदार बताया।

बंधकों के परिवारों और पूर्व नेसेट सदस्यों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके हमास के हमलों की जांच की मांग की थी। इसके जवाब में हाईकोर्ट ने फरवरी में सरकार को 11 मई तक जांच को लेकर जवाब देने का आदेश दिया था। बताया जा रहा है कि नेतन्याहू मंत्रिमंडल जांच को मंजूरी देने से पहले जांच आयोगों की नियुक्ति के तरीके में परिवर्तन चाहता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि राज्य जांच आयोगों के पास गवाहों को बुलाने और सबूत इकट्ठा करने का व्यापक अधिकार होता है और इनका नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश करते हैं। वे जांच के दायरे में आने वाले व्यक्तियों के बारे में व्यक्तिगत सिफारिशें भी शामिल कर सकते हैं, हालांकि सरकार उन पर कार्रवाई करने के लिए बाध्य नहीं है। जांच आयोग न गठित करने की मंशा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। माउंट मेरोन भगदड़ की जांच करने वाले अंतिम राज्य जांच आयोग ने घटना के लिए नेतन्याहू को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया था। वहीं सेना की जांच में सामने आया है कि सेना ने सालों तक हमास के इरादों को गलत समझा और सात अक्तूबर के करीब आते-आते हमले के बारे में खुफिया जानकारी भी नहीं मिल सकी। सेना का ध्यान ईरान और लेबनान में उसके प्रतिनिधि हिजबुल्लाह से होने वाले खतरों पर भी अधिक था। सात अक्टूबर को गाजा सीमा के पास इस्राइली समुदायों पर हमास के हमलों में कम से कम 1,180 लोग मारे गए और 252 इजरायली और विदेशी बंधक बनाए गए। शेष 59 बंधकों में से 36 के मृत होने की आशंका है।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की, कहा- सैन्य विकल्प समाधान नहीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और अधिकतम संयम बरतने तथा तनाव के कगार से पीछे हटने का आह्वान किया। गुटेरेस ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि कोई गलती न करें: सैन्य समाधान कोई समाधान नहीं है। गुटेरेस ने कहा कि वे 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद लोगों की भावनाओं को समझते हैं और उन्होंने फिर से उस हमले की कड़ी निंदा की तथा पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है - और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को विश्वसनीय और वैध तरीकों से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने शांति की सेवा में दोनों सरकारों के प्रति अपने अच्छे कार्यों की पेशकश दोहराई।



शांति के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, गुटेरेस ने दोनों देशों को अपने अच्छे कार्यालयों की पेशकश की, जिसमें कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार है जो संवाद, तनाव कम करने और संकट के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देता है। 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद दोनों परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच बढ़ती दुश्मनी के बीच उनकी टिप्पणी आई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों से जोड़ा गया सूत्रों ने बताया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को बंद कमरे में विचार-विमर्श किया, जिसमें कई संयुक्त राष्ट्र सदस्यों ने पाकिस्तान की भूमिका और बयानबाजी पर सवाल उठाए। पाकिस्तान, जो वर्तमान में शक्तिशाली परिषद का एक अस्थायी सदस्य है, ने परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच स्थिति पर बंद कमरे में विचार-विमर्श का अनुरोध किया था। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, असीम इफ्तिखार अहमद ने एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे दावे फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के मंच का दुरुपयोग किया। पहलगाम आतंकी हमले से ध्यान हटाने के प्रयास में, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे को उठाया और भारत पर सैन्य निर्माण और भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया। सुरक्षा परिषद की यह बैठक सोमवार दोपहर को लगभग डेढ़ घंटे तक चली। बैठक का आयोजन 'यूएनएससी चैंबर' में नहीं बल्कि उसके बगल के परामर्श कक्ष में हुआ। सुरक्षा परिषद ने बैठक के बाद कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन पाकिस्तान ने दावा किया कि उसके उद्देश्य ''काफी हद तक पूरे हो गए''। पाकिस्तान, वर्तमान में 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का एक अस्थायी सदस्य है, जिसने परमाणु-हथियार संपन्न पड़ोसी देशों के बीच स्थिति को लेकर ''बंद कमरे में परामर्श'' का अनुरोध किया था। संयुक्त राष्ट्र में राजनीतिक और शांति निर्माण मामलों के विभाग (डीपीपीए) एवं शांति अभियान विभाग (डीपीओ) में पश्चिम एशिया, एशिया और प्रशांत मामलों के लिए सहायक महासचिव खालिद मोहम्मद खैरी ने दोनों विभागों की ओर से सुरक्षा परिषद को जानकारी दी। खैरी ट्यूनीशिया से हैं। बैठक से बाहर आकर खैरी ने कहा कि ''संघर्ष का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से निकालने'' का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि ''स्थिति काफी अस्थिर है।'' 90 मिनट के सत्र के दौरान, परिषद के सदस्यों ने पाकिस्तान की बढ़ती परमाणु बयानबाजी और हाल ही में किए गए मिसाइल परीक्षणों पर चिंता जताई, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसने क्षेत्रीय अस्थिरता में योगदान दिया है। प्रतिभागियों ने पाकिस्तान द्वारा फैलाए गए झूठे झंडे की कहानी को भी खारिज कर दिया और घातक हमले के मद्देनजर जवाबदेही के लिए दबाव डाला। सूत्र ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की संभावित भागीदारी के बारे में भी सवाल उठाए गए और पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के लिए निशाना बनाए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की पाकिस्तान की कोशिशें नाकाम हो गई, क्योंकि बैठक के बाद चीन समेत किसी अन्य सदस्य ने प्रेस बयान में शामिल नहीं हुआ। सत्र बिना किसी प्रस्ताव, बयान या प्रेस विज्ञप्ति के समाप्त हो गया, जिससे परामर्श के दौरान और उसके बाद पाकिस्तान प्रभावी रूप से अलग-थलग पड़ गया।

# जिला प्रशासन की ओर से फरीदाबाद जिला के 11 स्थानों पर हुआ नागरिक सुरक्षा अभ्यास

**साइरन के साथ ठीक 04 बजे शुरू हुआ ऑपरेशन अभ्यास**

**सायं 4 बजे एयर स्ट्राइक के मद्देनजर बजे सायरन से सभी हो गए सचेत एवं सतर्क**

**नागरिक सुरक्षा तंत्र और आपातकालीन प्रतिक्रिया का परीक्षण और सुदृढ़ीकरण है नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का उद्देश्य**

**डीसी विक्रम सिंह ने मॉक ड्रिल की हर गतिविधि पर रखी पैनी नजर**

**शाम 7:50 से 8:00 बजे तक एयर स्ट्राइक के मद्देनजर मॉक ड्रिल में ब्लैक आउट**



समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत बुधवार की दोपहर बाद फरीदाबाद जिला में एयर स्ट्राइक के मद्देनजर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। साइरन बजने के साथ ठीक 04 बजे ऑपरेशन अभ्यास शुरू हुआ। सेक्टर- 12 स्थित हेलीपेड ग्राउंड से रेस्क्यू टीमें अपने अपने निर्धारित स्थल के लिए लोगों की मदद के लिए रवाना हुई, इसमें एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वॉड व आपदा मित्र सहित अन्य राहत दल शामिल रहे। जिला में विभिन्न 11 स्थानों पर मॉक ड्रिल हुई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी विक्रम सिंह के नेतृत्व में जिला में योजनाबद्ध तरीके से नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया गया जिसमें आपदा की स्थिति में हुई जान माल की रक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई। डीसी एवं चेयरमैन विक्रम सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत फरीदाबाद जिला में नागरिक सुरक्षा तंत्र और आपातकालीन प्रतिक्रिया का परीक्षण और सुदृढ़ीकरण करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में सायं 4 बजे साइरन के साथ सभी चिह्नित स्थानों पर अभ्यास शुरू हुआ और जिन भवनों में प्रथम व द्वितीय तल पर लोग मौजूद थे वे तुरंत प्रभाव से भू तल पर आ गए और स्वयं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। जहां कहीं भी आपदा की स्थिति के दौरान लोग ऊपरी तलों पर फंस गए थे उन्हें सुरक्षित तरीके से फायर ब्रिगेड कर्मियों व आपदा मित्रों द्वारा नीचे उतारा गया और इलाज के लिए निकटवर्ती अस्पताल में पहुंचाया गया।

डीसी ने बताया कि शाम 4 बजे हवाई हमले की चेतावनी वाला सायरन बजाकर सरकारी विभागों और स्वयंसेवकों सहित सभी हितधारकों को शामिल करते हुए महत्वपूर्ण और रणनीतिक स्थानों पर मॉक ड्रिल ऑपरेशन शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि इस मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि ऐसी स्थिति आने पर आश्रय के रूप में एक सुरक्षित आंतरिक कमरे या तहखाने की पहचान करें। फॅमिली ड्रिल्स का अभ्यास करें, लाइट बंद करें, 1-2 मिनट के भीतर सुरक्षित क्षेत्र में इकट्ठा हों। उन्होंने बताया कि लोगों में जागरूकता लाने के लिए कंट्रोल रूम सचिवालय में बनाया गया। मॉक ड्रिल के दौरान उक्त कंट्रोल रूम में आई सूचना के आधार पर पुरा अभ्यास किया गया। डीसी ने बताया कि यह मॉक ड्रिल आपातकालीन स्थिति में क्या करें और क्या न करें और क्या-क्या सावधानियां बरतने के उद्देश्य से करवाई गई है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया वे अपने क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट तुरंत पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को दें। राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत जिला और राज्य, दोनों स्तरों पर घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य प्रतिक्रिया तंत्र को सुव्यवस्थित करना, आपातकालीन स्थितियों के दौरान भ्रम को कम करना और तदर्थ उपायों पर निर्भरता को कम करना है। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना तथा विकट स्थिति के दौरान बड़े पैमाने पर दहशत की संभावना को कम करना है।

**शाम 07:50 से 08:00 बजे ऑपरेशन अभ्यास के तहत की जाएगी ब्लैकआउट मॉक ड्रिल**

मॉक ड्रिल के मद्देनजर डीसी विक्रम सिंह ने प्राधिकरण के सभी सदस्यों सहित अन्य गणमान्य प्रतिनिधि के साथ बैठक भी की और आपदा की स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले प्रबंधों की समीक्षा की। फरीदाबाद जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार की शाम 7:50 से 8:00 बजे तक एयर स्ट्राइक के मद्देनजर आयोजित मॉक ड्रिल में ब्लैक आउट करने की अपील भी की गई है। डीसी विक्रम सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घर की लाइट उक्त अवधि में बंद रखें और इनडोर व आउटडोर की लाइट जिसमें इन्वर्टर से भी बिजली आपूर्ति चालू न रखें। खिड़कियों के पास फोन या एलईडी डिवाइस का इस्तेमाल करने से भी बचें।

**इन 11 पर निर्धारित समयावधि में मॉक ड्रिल हुई**

मिनी सचिवालय, सेक्टर 12, फरीदाबाद, एसडीएम कार्यालय, फरीदाबाद/बल्लभगढ़/बड़खल, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, एससीओ बे 5-10, सेक्टर 16ए, फरीदाबाद, इंडियन ऑयल आरएंडडी, सेक्टर 13, फरीदाबाद, गेल, वी.पी.ओ. छायंसा, बल्लभगढ़, एनटीपीसी, पावर स्टेशन, सेक्टर 71, गांव मुजेरी, पी.ओ. नीमका, बल्लभगढ़, पुरी प्राणायाम, सेक्टर 82, फरीदाबाद, एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड, 15/5 मथुरा रोड, फरीदाबाद, एयर फोर्स स्टेशन, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद, सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी। स्कूल, सेक्टर 28, फरीदाबाद, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर विमेन, सेक्टर 16ए, फरीदाबाद में निर्धारित समयावधि में मॉक ड्रिल हुई।

# श्याम सेवा परिवार सेक्टर 3, खाटू श्याम मंदिर के प्रधान बने कैलाश शर्मा

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** श्याम सेवा परिवार सेक्टर 3 (खाटू श्याम मंदिर) के चुनाव विधिवत एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुए। जिसमें सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। नई कार्यकारिणी में कैलाश शर्मा को प्रधान,मधुसूदन माटोलिया को उपप्रधान, राकेश माहेश्वरी को महासचिव, राजेश शर्मा को सचिव, कैलाश जोशी को कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों में अशोक मिश्रा, विमल सुरजगढिया, श्रवण सिंह चौधरी, मुकेश अग्रवाल, मनीष अत्रि, रवि मुदगिल को चुना गया। नवनियुक्त प्रधान कैलाश शर्मा ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि मैं सभी को साथ लेकर चलूगां और अपने वरिष्ठजनों की सहमति से निर्णय लूगां। नई कार्यकारिणी ने यह घोषणा की कि आने वाले समय में भव्य भजन संध्या, रक्तदान शिविर, अन्न सेवा, धर्मार्थ चिकित्सा शिविर आदि जैसे सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से आयोजित किया जाएगा उन्होंने कहा कि आज से सेवा के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। इस अवसर पर दामोदर प्रसाद, पवन वशिष्ठ, पी. एल. खंडेलवाल, सी पी शर्मा, आर पी सिंह, पवन माटोलिया, योगेश तिवारी, सुरेश अग्रवाल, पवन खैतान, अमित शर्मा, के. पी. सिंह, गोपाल बदानी, पी. एन. चौमाल, सुशील बाहेती, प्रफुल्ल शर्मा, प्रमोद चोटिया,पवन शर्मा, दुर्गा प्रसाद लोचिब, सुशांत कौशिक,हेमंत शर्मा, मयूर मुदगिल एवं समाज के अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।



# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आंतरिक शिकायत समिति के बैनर तले व्याख्यान का आयोजन

समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** दिनांक 7 मई 2025 अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 2025 को आंतरिक शिकायत समिति के बैनर तले महाविद्यालय प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में डॉ नीरू गुप्ता, कार्यवाहक प्राचार्या अग्रवाल कॉलेज ऑफ लॉ, बल्लबगढ़ ने भारत में साइबर अपराध और कानूनी उपचार विषय पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान के शुभारंभ में पीठासीन अधिकारी आई सी सी डॉ. शोभना गोयल ने अथिति वक्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। व्याख्यान का उद्देश्य विधार्थियों को डिजिटल दौर में ऑनलाइन माध्यम से होने वाली ठगी व इससे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर या ईमेल पर आने वाले वन टाइम पासवर्ड किसी के साथ सांझा नहीं करना चाहिए। लोक लुभावने विज्ञापनों को नजरंदाज करना चाहिए। साइबर क्राइम होने पर 1930 टोल फ्री नंबर पर संपर्क करना चाहिए। इस व्याख्यान से महाविधालय के 30 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। व्याख्यान का समापन आंतरिक शिकायत समिति मेंबर सुभाष कैलोरिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यशाला को सफल बनाने में आंतरिक शिकायत समिति सदस्य डॉ. डिंपल व मैडम शैली मालिक का बहुमूल्य योगदान रहा।

आज ही के दिन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा विश्व एथलेटिक्स दिवस भी मनाया गया जिसके अंतर्गत जैवलिन थ्रो, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, हाई जंप व लॉन्ग जंप की प्रतियोगिताएं भी कराई गई। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ जगवीर सिंह ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रखने में खेलों की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना युवाओं के हाथ है और एक स्वस्थ युवा ही स्वस्थ और विकसित भारत का निर्माण कर सकता है।



# भारतीय सेना के पाक पर हमले से मोहन ऋषि स्कूल के छात्रों का जोश हाई

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** बसेलवा कॉलोनी स्थित मोहन ऋषि स्कूल के छात्रों ने पाकिस्तान पर भारतीय सेना के हमले पर जश्न मनाया। इस हमले का करोड़ों देशवासियो को इंतजार था और स्कूल में भारतीय सेना द्वारा किए गए पराक्रम से सभी छात्रों में जोश भर गया। विद्यालय के मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे भारत का सिर्फ एक ही धर्म, हिन्दुस्तानी हैं हम। उन्होंने कहा की सेना की ये कार्यवाही पुलवामा में मारे गए लोगों के लिए बड़ी श्रद्धांजलि है। और पाकिस्तान जैसे देश को समझाने का यही तरीका है। सभी छात्रों ने तिरंगा झंडा लेकर जय हिंद के नारे लगाए।



# मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में शामिल खाताधारक केरल से गिरफ्तार

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में शामिल होना बताकर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लबगढ़ की टीम ने खाताधारक को केरल से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सेक्टर-9 में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना साइबर बल्लबगढ़ में दी गई अपनी शिकायत में बतलाया कि 17 दिसम्बर को उसके पास एक फोन आया जिसने बतलाया कि ट्राई से बोल रहा हुं, आपके पास दो मोबाईल नम्बर है, आपका एक मोबाईल नम्बर मुम्बई के पते पर है जो यह नम्बर आप से संबंधित नही है। इस नम्बर में आपके आधार कार्ड नम्बर का दुरुपयोग किया गया है। इसके उपरांत उसने शिकायतकर्ता को मुम्बई पुलिस स्टेशन के एक मोबाइल नम्बर से उप निरीक्षक से बात करने को कहा, इसके उपरांत एक महिला से बात करने को कहा जिसका नम्बर भी दिया गया। महिला से बात करने पर महिला ने शिकायतकर्ता को मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में शामिल बतलाया और सारी संपत्ति जब्त करके जेल में डालने की धमकी दी। उन्होंने शिकायतकर्ता पर दबाव डालते हुए अपनी एफडी और बचत खाता की राशि को भेजने के लिए कहा। जिसपर शिकायतकर्ता ने अपने अलग अलग खातों से उनके पास राशि 60 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। जिसके संबंध में थाना साइबर बल्लबगढ़ में मामला दर्ज किया गया है। मामले में कार्यवाही करते हुए साइबर थाना बल्लबगढ़ की टीम ने आरोपी विनित निवासी केरल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विनित ने इंजीनियरिंग व एमबीए की पढाई कर रखी है और विदेश में पानी की जहाज पर काम कर चुका। अभी काफी समय से बेरोजगार था तो पैसे की जरूरत के लिए इसने अपनी फर्म एवेजल एजुकेशन टेक का चालू खाता रजिस्टर्ड सिम सहित ठगों को दे रखा था। जिस खाता मे ठगी के 30 लाख रु आये थे। आरोपी से 50 हजार रुपए बरामद किए गये है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# नूँह में इनेलो ने किया पंजाब सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन, हजारों कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कराकर जताया विरोध

**प्रभारी रणबीर मंदोला व जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में इनेलो कार्यकर्ताओं ने जिला उपायुक्त की मार्फत प्रधानमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

**अधिकार मांगने से नहीं मिलते, छीने जाते हैं: ताहिर हुसैन**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा प्रदेश को पानी का संकट पैदा करने के विरोध में आज प्रभारी रणबीर मंदोला पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में इनेलो के हजारों कार्यकर्ताओं ने अनाज मंडी स्थित इनेलो कार्यालय से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च कर रोष प्रदर्शन किया और पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर इनेलो कार्यकर्ताओं ने जिला उपायुक्त की मार्फत देश के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा तथा महामहिम राष्ट्रपति से पंजाब सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की माँग की। बुधवार को नूँह की सड़कों पर उमड़े इस जनसमूह ने संदेश दे दिया है कि इनेलो खेलरत्न व जल युद्धनायक चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में हरियाणा के हकों के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। रणबीर मंदोला ने कहा कि पंजाब सरकार ने ओछी राजनीति और छोटी मानसिकता दिखाते हुए हरियाणा के हिस्से का पानी रोकने का काम किया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज इनेलो के सभी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर पंजाब सरकार को बर्खास्त करने की माँग करने जिला मुख्यालयों पर प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने पहुंचे हैं।

जिलाध्यक्ष चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट ने कहा कि पानी के लिए न्याय युद्ध की शुरुआत स्व: चौधरी देवीलाल ने की थी। जिसे स्व: चौधरी ओमप्रकाश चौटाला लड़ते रहे और आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो लड़ रही हैं। चौधरी अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो ने एस वाई एल के लिए भी खूब लड़ाई लड़ी और पंजाब की जेलों तक गिरफ्तारियां भी दी जिसमें उनके पिता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने भी इनेलो विधायक रहते गिरफ्तारी दी थी। इस मौके पर इनेलो के वरिष्ठ नेता हाजी सुभान खाँ सिंगारिया, हाजी सोहराब खान, हाजी इब्राहीम पहलवान, सरोज, बानो, मजलिस खान, इकबाल खान, हन्नान खान, सलीम मद्दी, वारिस खान, वाहिद खान, अल्ली प्रधान, डॉश हनीफ, हाजी इसराईल, हाजी आसम, अय्यूब नंबरदार, इसमाईल, मुस्ताक खान, लियाकत खान, रफीक खान, हासम आदि के अलावा हजारों इनेलो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट संपर्क करें: 9811153271**




